दिन– बुधवार दिनांक– 09 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में जारी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अब तक तीन करोड़ सत्तर लाख से अधिक गणना प्रपत्र एकत्र किये गये।

02. त्रि–स्तरीय पंचायतों और ग्राम कचहरी के रिक्त चार सौ तीन पदों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जारी है मतदान।

03. राज्य सरकार की नौकरियों में बिहार की मूल निवासी महिलाओं को मिलेगा पैंतीस प्रतिशत आरक्षण का लाभ।

04. और, प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी से अधिकांश स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी। उनतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गोपालगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अब तक तीन करोड़ सत्तर लाख से अधिक गणना प्रपत्र एकत्र किये जा चुके हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार यह संख्या कुल मतदाताओं का छियालीस दशमलव नौ पांच प्रतिशत है। आयोग ने कहा है कि पिछले दो सप्ताह में सात करोड़ नब्बे लाख गणना प्रपत्र छापे गये हैं और उनमें से सात करोड़ सत्तर लाख से अधिक गणना प्रपत्र मतदाताओं के बीच वितरित किये जा चुके हैं। बीएलओ, बीएलए और स्वयं सेवकों के सहयोग और ऑनलाईन माध्यम से गणना प्रपत्र भरने और जमा करने का काम सुचारू रूप से चल रहा है। आयोग के अनुसार कार्यक्रम के लिए शेष सत्रह दिन के दौरान बाकी प्रपत्र और दस्तावेज एकत्र करने का लक्ष्य निर्धारित है। मतदाता पच्चीस जुलाई तक गणना प्रपत्र जमा करा सकते हैं।

इस बीच, आयोग ने एसआईआर में तेजी लाने और मतदाता सत्यापन के लिए अठारह नगर आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी की जिम्मेवारी सौंपी है। आयोग ने विधानसभा क्षेत्रों के लिए कई सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी भी नियुक्त किये हैं।

---

शिवहर जिले के डुमरी कटसरी प्रखंड क्षेत्र में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर उनतीस कर्मियों को शो कॉज नोटिस

जारी किया गया है। बीडीओ अरूण कुमार सिंह ने बताया कि इनमें पन्द्रह बीएलओ तथा चौदह अन्य सहयोगी कर्मी शामिल हैं।

---

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में विपक्ष ने आज बिहार बंद की घोषणा की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन के घटक दलों के नेता आज पटना में विरोध मार्च निकालेंगे। विपक्ष की ओर से आयोजित इस बंद को लेकर सभी जिला मुख्यालयों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। इधर, देशभर के दस श्रमिक संगठन ने भी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज सामूहिक हड़ताल का आह्वान किया है।

---

त्रि–स्तरीय पंचायतों और ग्राम कचहरी के खाली पड़े चार सौ तीन पदों के लिए आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उपचुनाव हो रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा। मतदाता संबंधित बूथ पर जाकर ईवीएम से मतदान कर सकते हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि सभी बूथों पर शांतिपूर्वक मतदान जारी है। वैशाली जिले के हाजीपुर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के आठ प्रखंडों के दो सौ ग्यारह मतदान केन्द्रों पर चौबीस पदों के लिए चुनाव हो रहा है। लोग बड़ी संख्या में वोट देने के लिए मतदान केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं। इधर, निर्वाचन आयोग के अनुसार मतणना ग्यारह जुलाई को होगी।

---

राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए डोमिसाइल नीति लागू कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि सरकार के इस फैसले के बाद राज्य सरकार की नौकरियों में सिर्फ बिहार की महिलाओं को ही पैंतीस प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। बिहार से बाहर की महिलाएं सामान्य श्रेणी में आयेंगी।

———बाइट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने युवा आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान की है। आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष समेत सात सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि आयोग राज्य के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने, प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने में मदद करेगा।

———बाइट———

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य सरकार ने दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना को भी मंजूरी प्रदान की है। इसके तहत यूपीएससी प्रांरभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को एक लाख रूपये और बीपीएससी प्रांरभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को पचास हजार रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ग्यारह जुलाई को सामाजिक सुरक्षा पेंशन की बढ़ी हुई राशि का भुगतान करेंगे। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया कि इस अवसर पर एक करोड़ ग्यारह लाख लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जायेगी। इस मद में एक हजार दो सौ सत्ताईस करोड़ रूपये छह पेंशन योजनाओं के लिए भुगतान किये जायेंगे। इस कार्यक्रम का ग्राम स्तर तक आयोजन किया जायेगा। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने हाल ही में सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि चार सौ से बढ़ाकर ग्यारह सौ रूपये कर दी है।

---

पुलिस मुख्यालय ने पुलिस कर्मियों को ड्रेस कोड का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। एडीजी, विधि व्यवस्था पंकज दराद ने सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में निर्देश भेजा है। निर्देश के अनुसार ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी अनुशासन के विपरीत आभूषण या श्रृंगार प्रसाधनों का उपयोग नहीं कर सकेंगी। वहीं, पुरूष पुलिसकर्मियों को भी पूरे वर्दी में रहने को कहा गया है। मुख्यालय ने कहा है कि ड्यूटी के दौरान मोबाईल चलाना और नींद लेना गम्भीर अपराध माना जायेगा। साथ ही कर्मियों को सरकारी नम्बर के वाट्सएप पर अपनी पारिवारिक तस्वीर के स्थान पर वर्दी के साथ फोटो लगाने के निर्देश दिये गये हैं।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आने के साथ ही औसत तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, यहां का अधिकतम तापमान उनतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। विभाग ने आज गया, नवादा, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, बक्सर और रोहतास समेत उत्तर–पश्चिम तथा दक्षिण –पूर्व भागों के कुछ जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान–आईजीआईएमएस में डेंटल कॉलेज खोला जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कॉलेज में बीडीएस और एमडीएस की पढ़ाई के लिए पचास सीटों पर नामांकन होगा। श्री पांडेय ने कहा कि डेंटल कॉलेज में बेहतर इलाज और सर्जरी की आधुनिक व्यवस्था होगी।

---

श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कामगारों के कल्याण के लिए विकसित नूतन पोर्टल लांच किया। पटना में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि नूतन पोर्टल के माध्यम से बिहार भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सोलह कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से श्रमिकों और सरकार के बीच की दूरी कम होगी।

---

शिक्षा विभाग ने कहा है कि प्रदेश आवश्यकता वाले विद्यालयों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। विभाग के अनुसार प्रतिनियुक्ति उन निकटतम विद्यालयों से होगी, जहां निर्धारित मानक से अधिक शिक्षक हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक दिनेश कुमार ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश जारी कर दिया है।

---

मुजफ्फरपुर के पताही हवाई अड्डे से यात्री विमान सेवा शुरू करने के लिए सर्वे का काम शुरू हो गया है। सर्वे टीम में वरिष्ठ भौगोलिक सूचना प्रणाली विश्लेषक और एसोसिएट कंसल्टेंट टीम लीडर शामिल हैं। सर्वे का कार्य पांच दिनों तक चलेगा। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान नए सिरे से रनवे निर्माण, टैक्सी–वे, पार्किंग और नए भवन के निर्माण समेत अन्य बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार होगी। साथ ही इसका मानचित्र भी बनाया जाएगा।

---

केन्द्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई की पटना स्थित एक अदालत ने रिश्वत लेने के मामले में भारतीय खाद्य निगम के तत्कालीन प्रबंधक लियाकत अली को डेढ वर्ष सश्रम कारावस की सजा सुनाई है। दोषी पर पच्चीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

---

प्रदेश में पहली बार ऑल इंडिया एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया जाएगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि उन्नीस

जुलाई को पाटलिपुत्र स्पोट्र्स कांप्लेक्स में एक दिवसीय मीट का आयोजन होगा। इस मीट में देश के विभिन्न हिस्सों से जाने–माने एथलीट हिस्सा लेंगे।

---

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से भागलपुर जिले के देवू बाबू धर्मशाला में युवाओं के लिए दो दिवसीय लीडरशिप ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

---

मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र के पास पुलिस ने एक कंटेनर से लगभग साढ़े चार हजार लीटर विदेशी शराब बरामद की। इस मामले में दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है।

---

सुपौल जिले के भीमनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसी बांध के पास से पुलिस ने एक सौ बयासी किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

पश्चिम चम्पारण जिले में बगहा की एक अदालत ने अधिवक्ता अपहरण मामले में दोषी राजेन्द्र चौधरी को आजीवन कारावास समेत दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

भोजपुर पुलिस ने साईबर ठगी के मामले में पटना से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, पूर्णिया साइबर थाना पुलिस ने सिम पोर्ट कर ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सरकारी नौकरियों में बिहार की महिलाओं को ही आरक्षण।

दैनिक जागरण ने लिखा है– पुलिस के साथ मुठभेड़ मे मारा गया खेमका हत्याकांड में गिरफ्तार राजा।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है– राज्य महिला आयोग में आवेदन के लिए अब आधार अनिवार्य।

प्रभात खबर ने औद्योगिक गतिविधियों से जुड़ी खबर पर लिखा है– छोटे प्लॉट पर भी आसानी से अब लगा सकेंगे फैक्ट्री।

राष्ट्रीय सहारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के हवाले से लिखता है– मजबूत लोकतंत्र के लिए सटीक मतदाता सूची जरूरी।

आज अखबार की सुर्खी है– आवश्यकता वाले स्कूलों में होगी शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में जारी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अब तक तीन करोड़ सत्तर लाख से अधिक गणना प्रपत्र एकत्र किये गये।

02. त्रि–स्तरीय पंचायतों और ग्राम कचहरी के रिक्त चार सौ तीन पदों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जारी है मतदान।

03. राज्य सरकार की नौकरियों में बिहार की मूल निवासी महिलाओं को मिलेगा पैंतीस प्रतिशत आरक्षण का लाभ।

04. और, प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी से अधिकांश स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी। उनतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गोपालगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।